PROCEEDING - 6

DIGITAL LITERACY CAMP

Pgme Coordinator - Prof Jyoti Sharma in coordination with CAREER COUNSELLING & WOMEN CELL

दिव्य हिमाचल

# छात्रों को दी साइबर क्राइम से बचने की जानकारी



सिटी रिपोर्टर-हरोली


वूमन एंड करियर कंसल्टिंग सैल द्वारा प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय महाविद्यालय हरोली में साइबर क्राइम एवं डिजिटिल लिटरेसी कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसएचओ हरोली सुनील सांख्यान ने विशेष रुप से शिरकत की। थाना प्रभारी सुनील सांख्यान ने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम से बचने की जानकारी दी। आजकल ऑनलाईन फ्रॉड हो रहे है। अपराधिक प्रवृति के लोग लोगों को लूटने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे है। उन्होंने कहा कि अगर कोई फोन करता है तो अपना ओटीपी व अन्य पासवर्ड न बताए। इस अवसर पर प्रो. सोनिका सैनी, प्रो. ज्योति शर्मा, प्रो. कल्पना शर्मा, प्रो. शंकुतला राणा आदि उपस्थित थे।

(Capt ... )
31 Jul 24

Principal
Prof. ...
Govt. Degree College
Haroli, Distt. Una (H.P.)

Digital Literacy Camp (15)
1) SHO Hardi, Sh. Anil Kumar.
2) Dr. Ranjit, Asst Prof IIIT Solan

(6)



PROCEEDING- 19

CAREER COUNSELLING AWARENESS

CAREER COUNSELLING AWARENESS

To,
Joint Secretary
Directorate of Student Services
The Institute of Company Secretaries of India,
C-36, Noida (U.P.)

Dear Sir,

This is to certify that Ms. RANI RAIZADA.......................................from your esteemed organization visited our School/College Prof. Simmi Agnihotri Govt. Degree College, Haroli Una, Himachal Pradesh.............on ....20/09/2024..............and conducted Career Awareness Programme for our students & faculty and informed them about opportunities available after completing CS course. The information was appreciated by the faculty and the students.

Seal and Signature of the Principal/
Vice Principal/Counselor/Commerce
or Economics Teacher School/College,

Date: 20/09/2024

(Capt Sandeep Saini)
20 Sep 24.

Principal
Prof. Simmi Agnihotri
G.D.C. Haroli
Distt. Una (H.P.)

(42)

CAREER COUNSELLING

BY. Ms- RANI RAIZADA (18)

20/24, 12:20 PM IMG-20240920-WA0039.jpg

## विद्यार्थियों को कंपनी सैक्रेटरी कोर्स बारे दी जानकारी

हरोली, 23 सितम्बर (दास): प्रो. शिव्वी अग्निहोत्री राजकीय महाविद्यालय हरोली में करियर काउंसलिंग सैल के तत्वावधान में कंपनी सैक्रेटरी कोर्स के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई।

इसके लिए इंस्टीच्यूट ऑफ कंपनी सैक्रेटरी ऑफ इंडिया के सहयोग से कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें वक्ता रानी रायजादा ने विद्यार्थियों को सी.एस. कोर्स से संबंधित रोजगार अवसरों के बारे में जानकारी दी। इसमें 85 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्राचार्य डा. सी.एस. राठौर, प्रो. कैप्टन मोनिका सैनी, प्रो. कल्पना शर्मा, प्रो. शकुंतला राणा व डा. ज्योति शर्मा सहित स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।







PROCEEDING - 30

# WOMEN COUNSELLING LECTURE OF WOMEN RIGHTS.

आज दिनांक 04 अक्टूबर 2024 के दिन प्रो० सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय महाविद्यालय में 'वूमन क्राइम' पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका विषय था 'महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता' इस विषय में ऊना की 1st IRBn बनगढ़ बटालियन कमांडेंट डॉ० आकृति शर्मा (IPS) को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए अपने अनुभव सांझा किया, उन्होंने बताया कि हमें अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए फिर सही दिशा में सही मेहनत और कड़ी मेहनत करके लक्ष्य हासिल करना चाहिए, मैडम आकृति ने बच्चों को शिकायत दर्ज करने हेतु 112 No पर फोन करने तथा किसी भी समस्या पर स्वयं को फोन करने को कहा तथा अपना personal Number भी शेयर किया, जिससे विद्यार्थी बहुत प्रभावित हुए, उनका व्यक्तित्व विद्यार्थियों में एक छाप छोड़ गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० ओम सिंह राठौर ने, तथा प्रो० कैप्टन सोनिका सैनी ने IPS मैडम का तहे दिल से अभिनंदन करते हुए उनसे प्रेरित होने की प्रेरणा विद्यार्थियों को दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य शैक्षणिक व गैरशैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा।

(Cpt. Sonika Saini)
04 Oct 24

Principal
Prof. Simmi Agnihotri
Govt. Degree College
Haroli, Distt. Una (H.P.)

64

# छात्राओं को महिला सुरक्षा बारे किया जागरूक

हरोली, 4 अक्तूबर (दत्ता): प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय महाविद्यालय हरोली में वूमेन क्राइम से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें आई.आर.बी. बटालियन बनगढ़ की कमांडैंट डा. आकृति शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए विद्यार्थियों को जानकारी दी। उन्होंने महिला सुरक्षा के प्रति छात्राओं को जागरूक करते हुए अपने विचार सांझा किए।

उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि अगर किसी छात्रा को कोई समस्या हो तो वह 112 नंबर पर फोन करके सूचित कर सकती है। डा. आकृति शर्मा ने अपना मोबाइल नंबर भी शेयर किया। इस अवसर पर प्राचार्य डा. बी.एस. राठौर और प्रो. कैप्टन मोनिका सैनी सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। स्टाफ सदस्यों ने मुख्यातिथि डा. आकृति शर्मा को स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया।




हरोली : राजकीय महाविद्यालय हरोली में आयोजित जागरूकता कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों के साथ आई.पी.एस. डा. आकृति शर्मा सामूहिक चित्र में। (दत्ता)




S.P. BANGARH with PRINCIPAL, STAFF & STUDENTS.



PROCEEDING - 31

HIV / AIDS AWARENESS CAMP

RED RIBBON CLUB

/10/2024

प्रो० सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय महाविद्यालय हरोली में HIV/AIDS जागरुकता कार्यशाला का आयोजन

आज दिनांक 5/10/2024 को प्रो० सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय महाविद्यालय हरोली में Red Ribbon club की कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें B.M.O Haroli Dr. Pushpinder Rana, Dr. Reeta Verma ICTC Counselor R.H UNA और STATE HIV/AIDS Control society की ओर से Mrs. Harpriya (State advocacy officer) ने महाविद्यालय के छात्रों को HIV/AIDS के कारणों व बचाव से अवगत कराया। Mrs. Harpriya जो कि स्वयं HIV positive हैं ने बच्चों के साथ अपने experiences share किए और बताया कि HIV positive होने के बाद भी वे एक स्वस्थ जीवन जी रही हैं। Dr. B.S Rathore (Principal) ने मैडम सुप्रिया की हिम्मत की दाद दी और बच्चों को प्रेरित किया कि किस तरह से वे नशे जैसी बुरी आदतों को छोड़कर इस बीमारी से बच सकते हैं। इस आयोजन की समन्वयक डा० बिन्दिया चंदेल ने HIV / AIDS से बचाव के लिए HIV/AIDS की जाँच पर जोर दिया है ताकि समय रहते इस बीमारी से बचा जा सके। इस अवसर पर कैप्टन सोनिका सैणी, डा० शकुंतला राणा, प्रो० कल्पना शर्मा व प्रो० ज्योति शर्मा तथा अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

(Capt [signature])

05 Oct 24

[signature]

Principal
Prof. Simi Agnihotri
Govt. Degree College
Haroli, Distt. Una (H.P.)




Pic ... Staff
HIV/AIDS Awareness

Ms. Harpriya, HIV Survivor Addressing Students
main hospital ~~...~~ Dr. B S Rathore
Principal




| | |
|---|---|
| खांसी आना | बुखार और रात में पसीना आना |
| निरंतर वज़न का घटना | बलगम में खून आना |

इन लक्षणों के होते ही अपने डॉक्टर से टीबी की जाँच करने को कहें

- पेशाब करते समय दर्द।
- स्त्रियों में पेट के निचले भाग में दर्द।
- अत्यधिक सफेद स्त्राव।

आप और आपके साथी दोनों स्वास्थ्य केंद्र जाकर यौन रोगों का पूरा उपचार गुप्त करवाएं

AIDS Helpline 1097

**स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग हिमाचल प्रदेश**

/HPSACS Himachal PradeshSACS www.sacshp.org

#IndiaFightsHIVandSTI

PROCEEDING - 41

VIGILANCE AWARENESS WEEK' - SLOGAN WRITING COMPETITION

LECTURE ON WOMEN VIGILANCE, CAREER COUNSELLING.

"सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि" विषय पर प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय महाविद्यालय में आज दिनांक 26/10/2024 के दिन एक कार्यशाला का आयोजन किया गया. महाविद्यालय की वीमन एंड करियर काउंसलिंग सेल द्वारा इसका आयोजन किया गया। इस अवसर इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के ऑपरेशन्स मैनेजर अंचित गुप्ता को आमंत्रित किया गया, उन्होंने सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि पर अपना भाषण दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को कोरपरेट जगत में, व्यवसाय अथवा नौकरी के अवसरों पर विस्तृत चर्चा की। विजिलेंस अवेयरनेस वीक भारत सरकार द्वारा मनाया जाता है, जिसके तहत विभिन्न सरकारी तथा गैर सरकारी महकमों में नौकरी के अवसरों की चर्चा इसके अन्तर्गत की जाती है। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. भीम सिंह राठौर द्वारा भी विद्यार्थियों को संबोधित किया गया। महाविद्यालय का ~~स्टाफ~~ शैक्षणिक स्टाफ प्रो० हैरन, प्रो० मोनिका सैनी, प्रो० कल्पना शर्मा, प्रो० ज्योति शर्मा, प्रो० डॉ. शकुन्तला राणा, प्रो. डॉ. बिन्दुला चंदेल भी उपस्थित रहे। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने स्लोगन प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान सुहानी B.Com III रिया, सुखनीत (BA II) ने द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।

[signature]
26 Oct 24

[signature]
Principal
Prof. Simmi Agnihotri
Govt. Degree College
Haroli, Distt. Una (H.P.)

# स्लोगन प्रतियोगिता में सुहानी ने मारी बाजी

हरोली, 26 अक्तूबर (दत्ता): प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय महाविद्यालय हरोली में कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय की वूमैन एंड करियर काउंसलिंग सैल द्वारा सत्य निष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि विषय पर किया गया। इस अवसर पर इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के ऑप्रेशनल प्रबंधक अंकित गुप्ता ने अपने विचार रखे।

प्राचार्य डा. बी. इन्जात राठौर ने भी विद्यार्थियों को सम्बोधित किया। इस अवसर पर कैप्टन प्रो. सोनिका सैनी, प्रो. कल्पना शर्मा, प्रो. ज्योति शर्मा व प्रो. डा. शकुंतला राणा सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों के मध्य स्लोगन प्रतियोगिता भी करवाई गई, जिसमें सुहानी ने पहला, रिया ने दूसरा व शुभनीत ने तीसरा स्थान हासिल किया।




हरोली : हरोली कालेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्टाफ सदस्यों संग विद्यार्थी सामूहिक चित्र में। (दत्ता)




Slogan writing participants along with staff & officials of Indian Oil.

Lecture on Women Vigilance & CAREER OPPORTUNITIES IN CORPORATE



(137)

PROCEEDING 67

NSS CAMP

DAY - 1

## प्रेस नोट

आज दिनांक 7/ 2 /2025 के दिन प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय महाविद्यालय हरोली में राष्ट्रीय स्वयंसेवा की इकाई के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया इस बार एनएसएस वालंटियर द्वारा लोअर हरोली गांव को गोद लिया गया इसका शुभारंभ हरोली गांव के ही (रिटायर्ड EX-EN इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड ) श्री कुलदीप राणा (हरोली)द्वारा रिबन काटकर तथा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के अतिरिक्त रिटायर्ड एसडीओ श्री रूपलाल जी ( हरोली)तथा रिटायर्ड कैप्टन श्री विनोद चौहान जी भी उपस्थित रहे। महाविद्यालय की स्वयंसेवी छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम संगीत तथा नृत्य प्रस्तुत कर उनका स्वागत किया। स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने सभी पधारे हुए अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया । एनएसएस प्रभारी डॉ शकुंतला राणा ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना तथा इसके बारे में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की मुख्य अतिथि श्री कुलदीप राणा जी ने विद्यार्थियों को स्वयंसेवी बनने की बधाई देते हुए प्रेरणास्पद भाषण दिया पधारे हुए अतिथियों में श्री बिनोद कुमार जी ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए "NOT ME BUT YOU" theam पर चलते रहने की प्रेरणा दी।कैप्टन विनोद कुमार जी स्वयंसेवियों को परेड तथा देश सेवा ,आर्मी के गुर भी सिखायेगे।इस उपलक्ष पर महाविद्यालय के असिस्टेंट लाइब्रेरियन श्री राजकुमार जी भी उपस्थित रहे ।

प्रेस कमेटी
डॉ. शकुन्तला
देवी राणा
AP Hindi
GDC Haroli

N.S.S.
P.O.

07 Feb 25

Principal
Prof. Simmi Agnihotri
Govt. Degree College
Haroli, Distt. Una (H.P.)

DAY 1- NSS CAMP

## हरोली महाविद्यालय में एन.एस.एस. शिविर शुरू

हरोली ( दशा ) : प्रो. शिम्मी अग्निहोत्री राजकीय महाविद्यालय हरोली में राष्ट्रीय स्वयंसेवा इकाई का 7 दिवसीय शिविर शुरू हुआ, जिसमें एन.एस.एस. वालंटियर्स ने लोअर हरोली गांव को गोद लिया। शिविर का शुभारंभ हरोली के कुलदीप शर्मा ने रिबन काटकर किया।

इस अवसर पर विद्युत बोर्ड के ही सेवानिवृत्त एस.डी.ओ. रूप लाल सैनी और सेवानिवृत्त कैप्टन विनोद चौहान भी विशेष अतिथि के रूप में पहुंचे। इस दौरान छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। एन.एस.एस. प्रभारी डा शकुंतला शर्मा ने एन.एस.एस. की स्थापना तथा इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी। मुख्यातिथि कुलदीप शर्मा ने विद्यार्थियों को स्वयंसेवी बनने की बधाई दी। शिविर प्रभारी ने बताया कि स्वयंसेवी 7 दिनों तक महाविद्यालय परिसर व उसके आसपास साफ-सफाई का अभियान चलाएंगे।












PROCEEDING – 69

NSS CAMP

DAY – 3

PROF. SIMMI AGNIHOTRI GOVT. DEGREE COLLEGE
HAROLI DISTT. UNA (H.P)-177220
E-mail gcharoli17@gmail.com, Phone No.+01975 292573
No-EDN- GDC-Haroli-
Dated: 09th February 2025

## प्रैस नोट

### हरोली महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट ने निकाली स्वच्छता और पर्यावरण पर जागरूकता रैली

हरोली महाविद्यालय की राष्ट्रीय स्वयं सेवक इकाई का सात दिवसीय शिविर सात तारीख से आरंभ हो चुका है आज इसका तीसरा दिन था , आज विद्यार्थियों ने रैली निकाली महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ कर सुंदर बनाया, पोस्टर प्रतियोगिता हुई। हरोली गांव के लोगों से मिले तथा गाँव की ही शिक्षित-बुजुर्ग महिला श्रीमती पुष्पा सैनी को चीफ गेस्ट बनाया। एनएसएस प्रभारी डॉक्टर शकुंतला राणा ने मुख्य अतिथि श्रीमती पुष्पा सैनी जी को बच्चों के द्वारा बनाए गए पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया । मुख्य अतिथि ने प्रेरणादायी भाषण देकर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। फीडबैक फॉर्म भी भरवाया गया। वाद विवाद प्रतियोगिता करवाई गई ।खास बात यह रही की मुख्य अतिथि को एस्कॉर्ट करते हुए स्टेज पर लाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ एनएसएस सहायक राजकुमार जी तथा सोमा देवी ने अपना सहयोग प्रदान किया। प्रो० डॉ० विन्दिया चंदेल तथा प्रो० ज्योति शर्मा ने जज की भूमिका निभाई।

09 Feb 24

Principal
Prof. Simmi Agnihotri
Govt. Degree College
Haroli, Distt. Una (H.P.)

# DAY - 3 OF NSS CAMP









PROCEEDING - 71

DAY - 5 LECTURE ON ORGANIC FARMING

NSS CAMP

11-02-2025

# प्रैस नोट

NSS स्वयंसेवियों ने ली प्राकृतिक खेती की जानकारी

आज महाविद्यालय हरोली में 7 दिवसीय NSS शिविर के पांचवें दिन श्रीमती संतोष शर्मा (उप परियोजना निदेशक उन्ना ,कृषि विभाग से )बुलाए गए जिन्होंने प्राकृतिक खेती अपनाने की जानकारी दी तथा वर्तमान में पेस्टिसाइड्स का प्रयोग करने से होने वाली बीमारियों और समस्याओं को उजागर किया गया। आज फिर हरोली गांव में स्वयसेवी सर्वे के लिए गए और फीडबैक लिया ।सुबह 5 बजे प्रभातफेरी भी निकाली।

इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ प्रोफेसर डॉ.बिंदिया चंदेल प्रोफेसर ज्योति शर्मा , राजकुमार, और NSS P.O डॉ. शकुंतला राणा उपस्थित रहे।

(Proceeding)
11 Feb 2025

Principal
Prof. Singh ...
Govt. Degree College
Haroli, Distt. Una (H.P.)

NSS CAMP

## स्वयंसेवियों को दी प्राकृतिक खेती की जानकारी

हरोली, 11 फरवरी (दत्ता): प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय महाविद्यालय के स्वयंसेवियों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक किया गया। स्वयंसेवियों को उप परियोजना निदेशक ऊना ने प्राकृतिक खेती अपनाने की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि हरोली क्षेत्र में 5090 किसान जहर मुक्त खेती छोड़कर 805 हैक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती कर रहे हैं।

मंगलवार को हरोली गांव में स्वयंसेवी सर्वे के लिए गए और फीडबैक लिया। सुबह 5 बजे प्रभात फेरी भी निकाली गई। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ में प्रो. डा. विदिशा चंदेल, प्रो. ज्योति शर्मा, राजकुमार और एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डा. शकुंतला राणा उपस्थित रहे।

## हरोली में प्राकृतिक खेती बारे किया जागरूक


### 14,850 किसान कर रहे प्राकृतिक खेती

*वीरेंदर कुमार ने रसायनों के इस्तेमाल से धरती, मानव, जल, जीव जन्तु तथा पेड़ पौधों आदि पर होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि जिला ऊना में 14,850 किसान 2092.068 हैक्टेयर पर प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। उप परियोजना निदेशक संतोष शर्मा ने मंच का संचालन किया। प्राकृतिक खेती में इस्तेमाल होने वाले विभिन्न घटकों जैसे कि जीवामृत, बीजामृत, नीमास्त्र, अग्निअस्त्र के बारे में जानकारी दी गई।*

हरोली, 11 फरवरी (दत्ता): ग्राम पंचायत हरोली में बाबा सोमनाथ मंदिर गौशाला के प्रांगण में प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के अंतर्गत आतमा कृषि विभाग द्वारा जन संवेदीकरण कार्यक्रम किसान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राणा रणजीत सिंह बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए।

उन्होंने किसानों को रसायनों व खादों के दुष्प्रभाव के बारे में बताते हुए अधिक से अधिक किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। ऊना के आतमा परियोजना के निदेशक वीरेंदर कुमार बग्गा ने सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई जाने वाली योजनाओं को लोगों के समक्ष रखा।

इस अवसर पर प्रधान ग्राम पंचायत हरोली रमन कुमारी, सुरेखा राणा, सुभद्रा देवी, सदस्य खंड किसान सलाहकार समिति, विजय कुमार कालिया, सतबीर सत्ता, प्रो. शकुंतला राणा, कृषि विज्ञान केंद्र रामपुर से डॉ. मीनाक्षी, मत्स्य विभाग से डॉ. विवेक शर्मा, पशुपालन विभाग से डॉ. मनोज शर्मा उपस्थित रहे। ब्लाक आतमा हरोली टीम से अंकुश शर्मा, खंड तकनीकी प्रबंधक देविंदर कौर व शिवांक जसवाल सहायक तकनीकी प्रबंधक हरोली मौजूद रहे।








165

PROCEEDING - 81

INTERNATIONAL WOMENS DAY

WOMEN CELL + RED CROSS + RED RIBBON

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में प्रो ॰ सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय महाविद्यालय में डॉ पूजा ने की शिरकत

आज दिनांक 8 मार्च 2025 के दिन महिला दिवस के उपलक्ष में वूमेन सेल तथा रेड रिबन क्लब रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरोली से **डॉक्टर पूजा रानी** को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया पूजा ने महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें पौष्टिक भोजन लेने की सलाह दी तथा एचआईवी एड्स, ड्रग्स तथा विभिन्न बीमारियों के बारे में जानकारी दी और महिला दिवस पर महिला सशक्तिकरण पर भी अपने विचार रखें तथा समाज मे महिलाओ के योगदान और उनके प्रति सम्मान की बात की।

इस अवसर पर कार्यकारी प्राचार्य प्रो. गुरबक्श राय वूमेन सेल की प्रभारी प्रोफेसर कैप्टन सोनिका सैनी रिबन क्लब की प्रभारी प्रोफेसर डॉक्टर बिंदिया चंदेल शकुन्तला राणा, प्रो. कल्पना शर्मा प्रो. ज्योति शर्मा तथा अन्य गैर शेक्षणिक स्टॉफ भी उपस्थित रहा।

Prof. Simmi Agnihotri GDC, Haroli, Una

Date: 05-03-2025

To

The Block Medical Officer

Copy to:-

1. Dr. Puja Rani, Medical officer, C.H. Haroli for information and further action. She is directed to attend function on above mentioned date and venue

Block Medical Officer
Haroli Distt. Una (H.P.)

Principal
Prof. Simmi Agnihotri
Govt. Degree College
Haroli, Distt. Una (H.P.)

(Capt. [signature])
05 Mar 23




हरोली : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि व स्टाफ सदस्यों संग विद्यार्थी सामूहिक चित्र में। (दश)

हरोली, (दश) : प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय महाविद्यालय हरोली में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरोली की डा. पूजा रानी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

महिला दिवस पर महिला सशक्तिकरण पर कई सदस्यों ने विचार रखे। इस अवसर पर कार्यकारी प्राचार्य प्रो. गुरबख्श राय, वुमेन सैल की प्रभारी प्रो. कैप्टन मोनिका सैनी, रेड क्रास की प्रभारी प्रो. डा. विनिता नंदेल, शकुंतला शर्मा, प्रो. कल्पना शर्मा, प्रो. ज्योति शर्मा सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।







Principal
Prof. Simmi Agnihotri
Govt. Degree College
Haroli, Distt. Una (H.P.)



PROCEEDING – 82

Lecture by (LAMRIN TECH SKILLS) CAREER COUNSELLING CELL

लमरीन टेक्निकल स्किल यूनिवर्सिटी पंजाब के विशेषज्ञों ने छात्रों को करियर विकल्पों के बारे में किया मार्गदर्शन

हरोली, ऊना: लमरीन टेक्निकल स्किल यूनिवर्सिटी, पंजाब के विशेषज्ञों ने 12 मार्च को प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री
राजकीय महाविद्यालय, हरोली में छात्रों को करियर के विभिन्न विकल्पों और नवीन शैक्षणिक अवसरों के बारे
जानकारी दी। यह सत्र करियर काउंसलिंग सेल द्वारा आयोजित किया गया था, जिसके संयोजक प्रो. कल्पना शर्मा
और सदस्य डॉ. बिंदिया चंदेल एवं प्रो. ज्योति शर्मा थीं। इस पहल की सराहना प्राचार्य श्री आर.एस. डडवाल ने की
और उन्होंने इसे छात्रों के लिए बेहद लाभदायक बताया। कॉलेज के अन्य स्टाफ सदस्य भी इस अवसर पर
उपस्थित रहे।

व्याख्यान के दौरान, विशेषज्ञों ने लमरीन टेक्निकल स्किल यूनिवर्सिटी को भारत की पहली स्किल यूनिवर्सिटी के
रूप में प्रस्तुत किया, जिसे उद्योग जगत के अग्रणी संस्थानों द्वारा विकसित किया गया है। वर्ष 2021 में स्थापित
इस विश्वविद्यालय की खासियत है कि यह पहली ऐसी यूनिवर्सिटी है जो IBM के सहयोग से विकसित की गई है
— जो वैश्विक स्तर पर अपनी तरह का पहला उदाहरण है। विशेषज्ञों ने विश्वविद्यालय के मज़बूत औद्योगिक
संबंधों पर प्रकाश डाला। इससे छात्रों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुसार व्यावहारिक कौशल प्राप्त करने में
मदद मिलती है। उन्होंने विश्वविद्यालय के अभिनव "Pay After Placement" मॉडल के बारे में भी बताया,
जिसके तहत छात्रों को नौकरी मिलने के बाद ही फीस का भुगतान करना होता है, जिससे उनकी आर्थिक परेशानी
कम होती है।

लमरीन टेक्निकल स्किल यूनिवर्सिटी के विविध शैक्षणिक ढांचे में आईटीआई छात्रों के लिए विशेष डिप्लोमा, स्कूल छोड़ चुके छात्रों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण और 12वीं पास और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस शामिल है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय कई एग्ज़िट पॉइंट्स पर मार्गदर्शन प्रदान करता है, ताकि छात्रों को अपनी शैक्षणिक यात्रा के हर चरण में सहायता मिल सके।शैक्षणिक कार्यक्रमों के अतिरिक्त, विशेषज्ञों ने छात्रों को स्टार्टअप निर्माण, फंडिंग जुटाने, अनुसंधान (रिसर्च) और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए उपलब्ध संसाधनों के बारे में भी जानकारी दी, जिससे उन्हें समग्र विकास का मंच मिल सके।





(Capt ...)
12 Mar 25

Principal
Prof. Simmi Agnihotri
Govt. Degree College
Haroli, Distt. Una (H.P.)


168



हरोली : हरोली महाविद्यालय में विद्यार्थियों को करियर संबंधी जानकारी देते हुए विशेषज्ञ।





# प्रेस नोट

08-02-2025

हरोली महाविद्यालय की राष्ट्रीय स्वयंसेवक इकाई का 7 दिवसीय शिवर 7 तारीख से आरंभ हो चुका है आज इसका दूसरा दिन था , आज विद्यार्थियों ने फील्ड वर्क का कार्य किया जिसमें वे हरोली गांव के लोगों से मिले और उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए अन्य चीजों का जायजा लिया तथा उनसे फीडबैक फॉर्म भी भरवाया गया। वाद विवाद प्रतियोगिता करवाई गई तथा मॉक ड्रिल आदि सीखी। इस अवसर पर चीफ गेस्ट के रूप में कैप्टन विनोद चौहान आमंत्रित किए गए जिन्होंने विद्यार्थियों को एस्कॉर्ट करते हुए ड्रिल करना औऱ मार्च करना सिखाया कि वीआईपी को सम्मान कैसे दें, उनको सुरक्षा कैसे प्रदान करें, उन्हें स्टेज तक कैसे लाया जाए। महाविद्यालय की स्वयंसेवी छात्राओं ने गांव के बुजुर्गों के पास जाकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा इस गांव की आवश्यकताओं का जायजा लिया । छात्रों ने गांव के बुजुर्गों और यहां के बच्चों के स्वास्थ्य की भी जानकारी प्राप्त की। आज विद्यार्थियों को परेड भी सिखाई गई जिससे उन्हें आगे बढ़ने का मौका मिल सके। टीम महाराणा रणजीत सिंह ने आज हरोली गांव में फील्ड वर्क किया तथा गांव वासियों से मुलाकात की। टीम भगत सिंह ने पूरे दिन का जायजा लेते हुए रिपोर्टिंग की। टीम रानी झांसी ने वाद विवाद प्रतियोगिता में बाजी मारी।

मुख्य अतिथि श्री बिनोद चौहान जी को कल्चरल कार्यक्रम के पश्चात विदाई दी गई इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ बिंदिया चंदेल ,राजकुमार जी तथा एन एस एस पीओ डॉक्टर शकुंतला राणा उपस्थित रहे।

(Capt ... ) 08 Feb 2025

Principal
Prof. ... Agnihotri
Govt. ... College
Haroli, Distt. Una (H.P.)



# वाद-विवाद प्रतियोगिता में रानी झांसी की टीम प्रथम



*हरोली : हरोली कालेज में आयोजित एन.एस.एस. शिविर के दौरान स्वयंसेवी सामूहिक चित्र में।* (दत्ता)

हरोली, 8 फरवरी (दत्ता) : प्रो. ज़िम्मी अग्निहोत्री राजकीय महाविद्यालय हरोली की राष्ट्रीय स्वयंसेवक इकाई के विद्यार्थियों ने शनिवार को फील्ड वर्क का कार्य किया। इस अवसर पर वाद-विवाद प्रतियोगिता भी करवाई गई। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में कैप्टन विनोद चौहान पहुंचे।

उन्होंने विद्यार्थियों को ड्रिल और मार्चपास्ट करना सिखाया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में टीम रानी झांसी ने बाजी मारी। इस अवसर पर प्रो. बिंदिया चंदेल, शिविर प्रभारी शकुंतला राणा व राजकुमार सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



